Seventeenth Loksabha

p>

Title: Regarding shortage of fartilizers.

श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी (मेडक): सभापति जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद । तेलंगाना राज्य में हर जगह कोने-कोने पर कई सालों से खेतीबाड़ी के लिए हमारी सरकार ने, टीआरएस पार्टी, हमारे सीएम चंद्रशेखर राव साहब ने फार्मर्स के लिए बहुत सहूलियतें दी हैं । पिछले साल और इस साल एग्रीकल्चर दस गुना बढ़ गया है । तीन महीने से हमारे यहां पैडी का मौसम है, खेती बाड़ी का काम चालू हुए दो-ढाई महीने हो चुके हैं । वहां फर्टिलाइजर्स की बहुत दिक्कत हो रही है । हर गांव में हजारों फार्मर्स काम-धंधा छोड़कर चार-पांच घंटे, सुबह-शाम फर्टिलाइजर्स के लिए लाइन में लगते हैं । फर्टिलाइजर्स के लिए एग्रीकल्चर आफिसर के साथ बैठक भी की, मगर एक लाख टन इस साल में शार्टेज़ है । यह शार्टेज़ किसलिए हुआ?

सदन में मंत्री जी ने बताया कि यूक्रेन, रशिया की वार की वजह से कुछ भी प्रॉब्लम नहीं आएगी, उन्होंने प्रॉमिस भी किया । तीन महीने से तेलंगाना में खेत के अंदर फर्टिलाइजर्स की बहुत शार्टेज़ है । हमारे यहां फार्मर्स बहुत दुखी हैं । फार्मर्स के लिए जो एक लाख टन की शार्टेज है, उस शार्टेज के अलावा उनको और एक लाख टन, यानी कुल दो लाख टन फर्टिलाइजर्स दें । पूरे स्टेट के अंदर इसकी रिक्वायरमेंट है । …(व्यवधान)